**NEWS CLIPPING:14.12.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC Bose University celebrated Ethnic Day

Narendra Bhardwaj
info@impressivetimes.com



**FARIDABAD:** To celebrate the richness and diversity of cultures and ethnicities of the Country, the office of Student Welfare of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, organized the 'AURA – The Ethnic Day' event. This is the first time when such a program is organized in the University campus. Nearly one hour of the extravaganza was spectacular and glittering showbiz ended with a traditional show of multicultural strength. A number of faculty, staff, and students of the University actively participated in the celebration which was coordinated by Deputy Dean Student Welfare Dr. Shilpa Sethi and managed by the members of the Student Council of the University. Dean Student Welfare Prof. Lakhwinder Singh said that ethnic day is a day of celebration for the diversity of cultures and ethnicities. It enables the young generation to revive love and respect for the diverse cultures, ethnic, and religions of the country. In an era of modernization, the celebration of such special days gives a feeling of respect toward our culture along with other cultures, he added.

**NEWS CLIPPING:14.12.2022**

# AAJ SAMAJ

# जतिन ने शूटिंग में जीता मेडल

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एमए (अंग्रेजी) के छात्र जतिन चौधरी ने हाल ही में भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। जतिन ने 50 मीटर फ्री पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के सीनियर वर्ग में कांस्य मेडल जीता है।

फरीदाबाद के रहने वाले तथा मूल रूप से हिसार निवासी जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था। उनके शानदार प्रदर्शन के रिकॉर्ड के आधार पर उन्हें राज्य की टीम के लिए चुना गया था। कुलपति प्रो. एस.के. तोमर व कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने जतिन को उसकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और खेलों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए उनके



प्रदर्शन की सराहना की। विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. अतुल मिश्रा ने भी जतिन की इस सराहनीय उपलब्धि के लिए सराहना की है। प्रतियोगिता में जतिन 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में काफी करीबी अंतर से स्वर्ण से चूक गया। स्पर्धा में उसे 600 में से 551 अंक हासिल हुए थे, जबकि स्वर्ण पदक के लिए 600 में से 552 अंक चाहिए थे। जतिन ने कहा कि उन्होंने भविष्य की प्रतियोगिता में दोनों श्रेणियों में स्वर्ण जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**NEWS CLIPPING:14.12.2022**

# PUNJAB KESARI

# जेसी बोस वि.वि में धूमधाम से मनाया एथनिक-डे बहुसांस्कृतिक विविधता का दिखा नजारा

## उत्साहित नजर आए छात्र, शिक्षक और कर्मचारी

फरीदाबाद, 13 दिसम्बर(पूजा शर्मा): देश की समृद्ध संस्कृति और जातीय विविधता को उत्सव के रूप में मनाने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा 'एथनिक-डे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय परिसर में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। लगभग एक घंटे का शानदार आयोजन बहुसांस्कृतिक विविधता का केन्द्र रहा।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्सव में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. शिल्पा सेठी की देखरेख में विश्वविद्यालय के छात्र परिषद के सदस्यों द्वारा किया गया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह ने कहा कि एथनिक-डे सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है। यह युवा पीढ़ी को देश की विविध संस्कृतियों, जातीयता और धर्मों के प्रति प्यार और सम्मान को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण के दौर में ऐसे विशेष दिवस मनाने से अन्य संस्कृतियों के साथ-साथ हमारी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना पैदा होती है।



*राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता के पदक के साथ जतिन चौधरी।*



*एथनिक डे के दौरान सेल्फी लेती छात्राएं। (छाया: एस शर्मा)*

## जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में जीता मेडल

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एमए (अंग्रेजी) के छात्र जतिन चौधरी ने हाल ही में भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। जतिन ने 50 मीटर फ्री पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के सीनियर वर्ग में कांस्य मेडल जीता है। फरीदाबाद के रहने वाले तथा मूल रूप से हिसार निवासी जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था। उनके शानदार प्रदर्शन के रिकॉर्ड के आधार पर उन्हें राज्य की टीम के लिए चुना गया था। कुलपति प्रो. एसके तोमर व कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने जतिन को उसकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और खेलों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए उनके प्रदर्शन की सराहना की। विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. अतुल मिश्रा ने भी जतिन की इस सराहनीय उपलब्धि के लिए सराहना की है। प्रतियोगिता में जतिन 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में काफी करीबी अंतर से स्वर्ण से चूक गया। स्पर्धा में उसे 600 में से 551 अंक हासिल हुए थे, जबकि स्वर्ण पदक के लिए 600 में से 552 अंक चाहिए थे। जतिन ने कहा कि उन्होंने भविष्य की प्रतियोगिता में दोनों श्रेणियों में स्वर्ण जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:14.12.2022**

# NAVBHARAT TIMES

## एथनिक डे में स्टूडेंट्स ने मचाई धूम



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के छात्र कल्याण कार्यालय की तरफ से एथनिक डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। यूनिवर्सिटी के शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्रों ने इस उत्सव में हिस्सा लिया। आयोजन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.शिल्पा सेठी की देखरेख में किया गया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह ने कहा कि एथनिक डे सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है।

**NEWS CLIPPING:14.12.2022**

# NAVBHARAT TIMES

# जतिन चौधरी ने जीते दो पदक



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में एमए इंग्लिश की पढ़ाई कर रहे जतिन चौधरी ने भोपाल में हुई 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में दो मेडल जीते हैं। भोपाल में 20 नवंबर से 12 दिसंबर तक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जतिन ने 50 मीटर फ्री पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के सीनियर वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। फरीदाबाद के रहने वाले जतिन ने चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एसके तोमर व कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने जतिन को बधाई दी।

**NEWS CLIPPING:14.12.2022**

# AMAR UJALA



फरीदाबाद के जेसी बोस वाईएमसीए में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम 'एथनिक डे' में डांस करती छात्राएं। संवाद

## जेसी बोस विवि में दिखी संस्कृति की झलक

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय की ओर से 'एथनिक-डे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह पहली बार है, जब विश्वविद्यालय परिसर में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। लगभग एक घंटे का आयोजन बहु सांस्कृतिक विविधता का केंद्र रहा।

**'एथनिक-डे' कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया**

विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्सव में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. शिल्पा सेठी की देखरेख में छात्र परिषद के सदस्यों द्वारा किया गया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह ने कहा कि एथनिक-डे सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है। यह युवा पीढ़ी को देश की विविध संस्कृतियों, जातीयता और धर्मों के प्रति प्यार और सम्मान को प्रोत्साहित करता है। आधुनिकीकरण के दौर में ऐसे विशेष दिवस मनाने से अन्य संस्कृतियों के साथ-साथ हमारी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना पैदा होती है।

**NEWS CLIPPING:14.12.2022**

# शूटर जतिन ने जीता राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में मेडल

**तहलका जज्बा/दीपा राणा**

**फरीदाबाद।** जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, के एमए (अंग्रेजी) के छात्र जतिन चौधरी ने हाल ही में भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। जतिन ने 50 मीटर फ्री पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के सीनियर वर्ग में कांस्य मेडल जीता है। मूल रूप से हिसार निवासी जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था। उनके शानदार प्रदर्शन के रिकॉर्ड के आधार पर उन्हें राज्य की टीम के लिए चुना गया था। कुलपति प्रो. एसके. तोमर व कुलसचिव डॉ. एसके. गर्ग ने जतिन को उसकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और खेलों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए उनके प्रदर्शन की सराहना की। विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. अतुल



मिश्रा ने भी जतिन की इस सराहनीय उपलब्धि के लिए सराहना की है। स्पर्धा में उसे 600 में से 551 अंक हासिल किए।

**NEWS CLIPPING:14.12.2022**

# HADOTI ADHIKAR

## जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में जीता मेडल

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 13 दिसम्बर। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के एमए (अंग्रेजी) के छात्र जतिन चौधरी ने हाल ही में भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। जतिन ने 50 मीटर फ्री पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के सीनियर वर्ग में कांस्य मेडल जीता है। फरीदाबाद के रहने वाले तथा मूल रूप से हिसार वासी जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था।

कुलपति प्रो. एस.के. तोमर व कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने जतिन को उसकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और खेलों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए उनके प्रदर्शन की सराहना की। विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. अतुल मिश्रा ने भी जतिन की इस सराहनीय उपलब्धि के लिए सराहना की है। प्रतियोगिता में जतिन 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में काफी करीबी अंतर से स्वर्ण से चूक गया। स्पर्धा में उसे 600 में से 551 अंक हासिल हुए थे।

**NEWS CLIPPING:14.12.2022**

# PIONEER

## जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में जीता मेडल

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एमए (अंग्रेजी) के छात्र जतिन चौधरी ने हाल ही में भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। जतिन ने 50 मीटर फ्री पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के सीनियर वर्ग में कांस्य मेडल जीता है। फरीदाबाद के रहने वाले तथा मूल रूप से हिसार निवासी जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था। कुलपति प्रो. एसके तोमर व कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने जतिन को उसकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। खेलों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए उनके प्रदर्शन की सराहना की। विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. अतुल मिश्रा ने भी जतिन की इस सराहनीय उपलब्धि के लिए सराहना की है। प्रतियोगिता में जतिन 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में काफी करीबी अंतर से स्वर्ण से चूक गया। स्पर्धा में उसे 600 में से 551 अंक हासिल हुए थे, जबकि स्वर्ण पदक के लिए 600 में से 552 अंक चाहिए थे। जतिन ने कहा कि उन्होंने भविष्य की प्रतियोगिता में दोनों श्रेणियों में स्वर्ण जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**NEWS CLIPPING:14.12.2022**

## HINDUSTAN

# जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में पदक जीता

फरीदाबाद, संवाददाता। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एमए (अंग्रेजी) के छात्र जतिन चौधरी ने हाल ही में भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

जतिन ने 50 मीटर फ्री पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के सीनियर वर्ग में कांस्य मेडल जीता है। फरीदाबाद के रहने वाले तथा मूल रूप से हिसार निवासी जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था। उनके शानदार प्रदर्शन के रिकॉर्ड के आधार पर उन्हें राज्य की टीम के लिए चुना गया था।

कुलपति प्रो. एस.के. तोमर और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने जतिन को उसकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और खेलों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए उनके प्रदर्शन की सराहना की। विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. अतुल मिश्रा ने भी जतिन की इस सराहनीय उपलब्धि के लिए सराहना की है। प्रतियोगिता में जतिन 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में काफी करीबी अंतर से स्वर्ण से चूक गए।